मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी

Website : www.metrodinank.com

Email : metrodinank@gmail.com

RNI No. : MAHHIN/2009/35355 POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20

वर्ष : ११ | अंक : ५० | मुंबई, शुक्रवार, २७ सितंबर से ३ अक्टूबर २०१९ | पृष्ठ : ४ | कीमत : दो रुपये



## संक्षिप्त न्यूज

### म्हाडा अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने पर रोक

**मुंबई,** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को ४०,००० करोड़ रुपये के आवास घोटाले में कुछ डेवलपर्स और महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। म्हाडा के अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने रियल एस्टेट कंपनियों को पुरानी जीर्ण-शीर्ण इमारतों के पुनर्विकास के लिए अधिशेष क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति दी, जिससे कथित रूप से महाराष्ट्र सरकार को ४०,००० करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। बॉम्बे हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति एस. सी. धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति एस .ए. शिंदे पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। म्हाडा मुंबई में निजी पुरानी और टूटी हुई इमारतों की रखरखाव करते हैं जिसके लिए इमारतों के रहिवासी म्हाडा को उपकर देते है। याचिका के अनुसार, विकास नियंत्रण नियमों के नियम 33 (7) के अनुसार, उपकर प्राप्त इमारतों के पुनर्विकास के बाद अतिरिक्त जमीन सरकार देना जरूरी है। कमलाकर ने आरोप लगाया है कि म्हाडा के अधिकारियों ने इमारतों के पुनर्विकास के बाद बाकी की जमीन पर कब्जा नहीं किया , जिससे म्हाडा को काफी नुकसान हुआ।

### गढ़चिरौली में पुलिस के साथ नक्सलियों की मुठभेड़, हथियार बरामद

**गढ़चिरौली,** गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ इलाके में पुलिस के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई। जिला पुलिस को जानकारी मिली थी कि कोटी पुलिस थाना के पास नक्सली एक्टिव हैं, इसके बाद पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू की। पुलिस और नक्सलियों के बीच करीब 10 से 15 मिनट तक फायरिंग चली, लेकिन नक्सली पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गए। जब पुलिस ने घटनास्थल की तलाशी ली तो जंगली इलाके में भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की गई। साथ ही पुलिस ने 4 हथियार भी बरामद किए। पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को घटनास्थल से नक्सली साहित्य भी मिले हैं। बता दें कि 14 सितंबर को भी गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसमें पुलिस के जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया था। बता दें कि पुलिस ने गढ़चिरौली में नक्सल विरोधी अभियान चला रखा है।

### पहली और दूसरी मंजिल के ५,४०० मतदान केंद्र तल मंजिल पर स्थलांतरित

**मुंबई ,** राज्य विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तैयारी शुरू हो गई है। इसके अंतर्गत लोकसभा चुनाव में पहली और दूसरी मंजिल पर स्थित ५,४०० मतदान केंद्रों को तल मंजिल पर स्थलांतरित किया गया है। इससे दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को मतदान करने में सुविधा होगी। मुंबई, मुंबई उपनगर, ठाणे, नासिक , पुणे जैसे महानगरों में जगह की कमी के चलते कई स्थानों पर पहली या फिर दूसरी मंजिल पर मतदान केंद्र बनाए गए थे। विधानसभा चुनाव में दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को होने वाली असुविधा को देखते हुए अब पहली और दूसरी मंजिल के मतदान केंद्र तल मंजिल पर स्थलांतरित किये गए हैं।

# सेब से महंगी बिक रही प्याज

**दीनानाथ तिवारी**

**मुंबई :** प्याज एक बार फिर आम आदमी को रुलाने लगी है. यह सेब से भी महंगी हो गई है. औसत क्वालिटी का सेब खुदरा बाजार में 30-40 रुपये प्रति किलोग्राम भी मिल रहा है, लेकिन एक किलोग्राम प्याज के लिए कम से कम 50 रुपये की कीमत चुकानी पड़ रही है. हालांकि अच्छी क्वालिटी का सेब 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक है.

इस बाबत राष्ट्रीय राजधानी की आजादपुर मंडी स्थित एग्रीकल्चर प्रोड्यूस मार्केटिंग कमेटी (एपीएमसी) के एक सूत्र ने बताया कि सेब की कई वेरायटी है, जिसका थोक भाव बीते कुछ दिनों से 200 रुपये से लेकर 1,400 रुपये प्रति पेटी चल रहा है. एपीएमसी सूत्र ने बताया कि कश्मीरी सेब 200-900 रुपये प्रति पेटी (15 किलोग्राम) चल रहा है, जबकि शिमला से आने वाला सेब 600-1,400 रुपये प्रति पेटी (20 किलोग्राम) है.

चैंबर ऑफ आजादपुर फ्रूट एंड वेजिटेबल ट्रैडर्स के प्रेसिडेंट एम आर कृपलानी ने बताया कि शिमला से आने वाला सेब थोक में 30-60 रुपये प्रति किलोग्राम, जबकि कश्मीरी सेब 20-50 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है.

वहीं, एपीएमसी की वेबसाइट पर सोमवार को प्याज का भाव 22.50-42.50 रुपये प्रति किलोग्राम था और आवक का



आंकड़ा 1,370.9 टन दर्ज की गई. शर्मा ने बताया कि देश के प्रमुख प्याज उत्पादक राज्यों में हुई भारी बारिश के कारण नई फसल खराब होने और उसकी आवक में विलंब होने की आशंकाओं से प्याज की आवक अभी भी खपत के मुकाबले कम है, जबकि ऊंचे भाव के कारण खपत में कमी आई है.

पिछले हफ्ते प्याज की आवक घटने से इसका थोक भाव 50 रुपये प्रति किलोग्राम से ऊंचा हो गया था, जबकि दिल्ली और एनसीआर के विभिन्न बाजारों में प्याज का खुदरा भाव करीब 75 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया था.

वहीं, कृपलानी ने बताया कि कश्मीर में बारिश नहीं होने की वजह से सेब की क्वालिटी पर असर पड़ा है. उन्होंने बताया कि कश्मीरी से अभी आवक भी जोर नहीं पकड़ी है. उन्होंने बताया कि शिमला से इस समय तकरीबन 2,500-3,000 टन सेब आ रहा है, जबकि कश्मीर से 1,500-1,600 टन सेब आ रहा है.

**जल्द प्याज के भाव कम होने के संकेत**

वहीं, आजादपुर मंडी के कारोबारी और ऑनियन मर्चेंट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट राजेंद्र शर्मा ने बताया कि आवक में सुधार होने से सोमवार को प्याज में थोड़ी नरमी आई, फिर भी थोक भाव 25-45 रुपये प्रति किलोग्राम था. उन्होंने बताया कि दो कारोबारी सत्रों को मिलाकर सोमवार को आजादपुर में प्याज की कुल आवक 150 ट्रक हो गई, जिसके कारण दाम तकरीब 2.50 रुपये प्रति किलो नरम हो गया है.

## कृपाशंकर सिंह की घोषणा

# मैं नहीं लड़ूंगा चुनाव...!

**पूजा पाण्डेय**

**मुंबई,** हाल ही में काँग्रेस पार्टी छोड़ने वाले पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह ने ऐलान किया है कि वे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने किसी भी दल में शामिल होने से भी इंकार किया है। करीब १० दिनों के विराम को तोड़ते हुए कृपाशंकर सिंह ने यह अहम घोषणा की है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कृपा के पार्टी छोड़ने से मुंबई काँग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी छोड़ने के बाद ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि कृपाशंकर बीजेपी में जा सकते हैं, लेकिन उनकी इस घोषणा से सारे अटकलों पर विराम लग गया है।



सूत्रों के मुताबिक काँग्रेस के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने पार्टी हाईकमान सोनिया गांधी के हवाले से कृपाशंकर सिंह के इस्तीफे को स्वीकारते हुए उन्हें एक कड़ा पत्र लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि कुछ नेता पद के लालच में अपने आदर्शों से समझौता कर दूसरे दलों से चुनाव लड़ना चाहते हैं। कृपाशंकर सिंह ने इस बारे में अपने स्टैंड को साफ करते हुए कहा वे न तो चुनाव लड़ेंगे और न ही किसी पार्टी में शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद ३७० हटाए जाने पर पार्टी के स्टैंड से उन्हें एतराज था। उन्होंने देश के लोगों की भावनाओं को देखते इसका समर्थन किया है। कृपा ने कहा कि उत्तर भारतीय समाज का प्रतिनिधित्व करने के नाते वे चाहे तो बीजेपी और शिवसेना में उनकी इंट्री होसकती है, लेकिन वे किसी पार्टी को ज्वाइन नहीं करेंगे। कृपाशंकर सिंह के शिवसेना या बीजेपी के टिकट पर कलीना, चांदीवली व दिंडोशी से चुनाव लड़ने की चर्चा थी, लेकिन उनके इस बयान से साफ हो गया है कि विधानसभा चुनाव में वे कहीं से चुनाव नहीं लड़ेंगे।

# बीजेपी कर रही है हिंदी भाषियों को प्रतिनिधित्व देने से परहेज?

**कर्ण हिंदुस्तानी**

**मुंबई :** देश में नरेंद्र और राज्य में देवेंद्र की सत्ता में लाने में हिंदी भाषियों की बड़ी भूमिका रही, लेकिन उन्हीं हिंदी भाषियों को बीजेपी विधानसभा चुनाव में प्रतिनिधित्व देने से परहेज कर रही है। हिंदी भाषी बीजेपी नेताओं को इस बात की आशंका है कि जिस पैमाने पर पार्टी में दूसरी पार्टियों से इनकमिंग हुई है उससे ऐसा लगता है कि मुंबई सहित महाराष्ट्र भर में बीजेपी में हिंदी भाषियों को उनकी संख्या के अनुपात में विधानसभा के टिकट नहीं मिलेंगे। हालांकि, महाराष्ट्र के सह चुनाव प्रभारी और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशवप्रसाद मौर्य कहते हैं कि अभी ऐसा नहीं कहा जा सकता क्योंकि अभी शिवसेना के साथ गठबंधन की घोषणा नहीं हुई है और न ही सीटों की शेयरिंग तय हुई है।

गौरतलब है कि मुंबई, ठाणे, पालघर, नासिक, पुणे, चिंचवड में बड़ी संख्या में हिंदी भाषी वोटर प्रभावी है, जिस ओर चले जाएंगे उसकी विजय निश्चित है। एक वक्त यह समाज कांग्रेस के साथ खड़ा था। सन 1999, 2004,



2009 के विधानसभा चुनाव में हिंदी भाषी जब कांग्रेस के साथ आए, तो कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई, लेकिन 2014 के चुनाव में हिंदी भाषी बीजेपी के साथ आ गए। इससे बीजेपी की सत्ता में वापसी हुई।

अब सत्ता में आने के बाद बीजेपी उस समाज के लोगों को उम्मीदवारी देने में अनाकानी कर रही है। इससे समाज के नेताओं में बीजेपी के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड समेत अन्य राज्यों ने बीजेपी को हाथों हाथ लिया, लेकिन महाराष्ट्र में उसी समाज को बीजेपी ने महज वोट बैंक समझ रखा है। हालांकि, महाराष्ट्र बीजेपी के बड़े नेता अक्सर उत्तर भारतीय समाज पर मेहरबानियों की लिस्ट गिनाते हुए कहते हैं कि उत्तर भारतीयों को पार्टी ने सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व दिया है। बीजेपी में उत्तर भारतीय नेता संजय उपाध्याय, संतोष पांडे और अमरजीत मिश्र को दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बनाया है।

सन 2019 के चुनाव में भ्रम की स्थित बनी हुई है। जहां कांग्रेस-एनसीपी ने महाआघाडी की घोषणा की है, वहीं शिवसेना-बीजेपी के महायुति की घोषणा का इंतजार है। इनके गठबंधन से कांग्रेस से ज्यादा हिंदी भाषियों को अवसर मिलने की संभावना है लेकिन कांग्रेस से जीत की उम्मीद कम है। इसलिए हिंदी भाषियों का झुकाव बीजेपी-शिवसेना की ओर ज्यादा है लेकिन बीजेपी से टिकट मिलने की उम्मीद कम है। साल 2009 के गठबंधन में बीजेपी ने कांदिवली से जयप्रकाशसिंह ठाकुर, मालाड पश्चिम से आर यू सिंह, कालीना से दीनानाथ तिवारी, मलबार हिल से मंगलप्रभात लोढ़ा और कुलाबा से राज के पुरोहित को अवसर दिया। यानी तीन उत्तर भारतीयों और दो राजस्थानियों को चुनाव लड़ने का मौका दिया था।












## संपादकीय

# गर्व का क्षण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री इमरान खान दोनों अमेरिका की यात्रा पर हैं। जहां एक ओर हमारे प्रधानमंत्री के उद्गार, उनका वहां हो रहा स्वागत और उनकी प्रशंसा में कही जा रही



बातें हर देशवासी का सीना गर्व से फुलाने के लिए काफी है, वहीं दूसरी और पाक प्रधानमंत्री की हालत और उसकी हो रही लगातार बेईज्जती पाकिस्तानियों का सिर शर्म से झुका रही है। भीगी बिल्ली खंभा नोचे की कहावत को चरितार्थ करते हुए अब वे पानी पी-पी कर अमेरिका को कोस रहे हैं। पाकिस्तान की यह नासमझी ही उसकी सबसे बड़ी मुसीबत है। वह अपने यथार्थ को नहीं समझ पा रहा है। वह एक ओर हमारे ऊपर हवाई आरोप लगा रहा है, वहीं दूसरी ओर बालाकोट को पुनः सज्ज कर रहा है। वह जम्मू-कश्मीर में हवाई ज्यादती पर दुनिया में गुहार लगा रहा है, परंतु उसके सिंधी और बलूची अमेरिका सहित पूरी दुनिया में घूम-घूम कर पाकिस्तान से पीछा छुड़ाने और उसके आत्याचारों से मुक्ति दिलाने की मांग कर रहे हैं। उसे यह नहीं दिखाई दे रहा है। यही नहीं ह्यूस्टन में तो हमारे प्रधानमंत्री के सामने उन्हें भी आजाद कराने की मांग कर रहे थे। पाकिस्तान हम पर आरोप करता है, परंतु एक भी सबूत नहीं दे पाता है, जबकि उसके कुकर्मों के सबूत उसे अमेरिका में ही दिख रहे हैं, जहां बलूची, सिंधी सब हमारे प्रधानमंत्री के स्वागत में खड़े थे। यह कोई छोटी-मोटी बात नहीं है। पूरी दुनिया को पता है कि दुनिया में जहां कहीं आतंकी हमला हो रहा है, उसकी जड़ पाकिस्तान में ही निकलती है। पाकिस्तान हमारे खिलाफ लगातार पूरी दुनिया में मात खा चुका है और इस बार अमेरिका में जो कुछ हो रहा है, उसे वह भू-सपाट हो गया है। ऐसे में अभी भी उसका गाल बजाना समझ से परे है। यह उसे विनाश की ओर ले जाने वाला प्रतीत होता है। कारण पूरी दुनिया उसे इसलिए नहीं दरकिनार कर रही है कि उसे या उसकी रियाया से उसे द्वेष है, बल्कि इसलिए की पूरी दुनिया को यह विश्वास हो गया है कि पाक का निजाम और उसकी आतंकपरस्त नीतियां तथा उसका आतंकी कारोबार पूरी दुनिया के लिए खतरा है, जो दुनिया के लिए खतरा बनता है, उसका क्या होता है इसके दुनिया के इतिहास में तमाम उदाहरण है। पाक को उन्हें ध्यान में रखकर अपना खूनी खेल बंद करना चाहिए। उसे समझ में आना चाहिए कि उसका पाला आज ऐसे भारत से नहीं है, जो उसे चेतावानियां देकर समझाइश देकर चुप बैठता था। उसे ऐसा कर सुधरने का काफी मौका दिया गया। परंतु उसका अर्थ उसने गलत लगाया। अब जबकि भारत ने उसे डील करने का तरीका बदल दिया है और उसका ढोंग तार-तार कर दुनिया के समाने उसका हैवानियात से भरा चेहरा उजागर कर दिया है। यह दिन के उजाले की तरह साफ है कि पाकी आज की अपनी दयनीय आर्थिक दूरावस्था, हास्यास्पद अंतर्राष्ट्रीय स्थिति और आंतरिक अस्थिरता से रू-ब-रू होना चाहिए और उसका इलाज ढूंढना चाहिए। कारण इस सबका जनक उसकी नीतियां है, जो उसने आतंकवाद को कारोबार और राजनय के रूप में अपना कर प्राप्त की है। झूठ, धोखा और आतंक का राज बहुत दिन तक नहीं चलता। पाक की आज की हालत यह बता रही है। सही राह पर चलने वाला आदमी कहीं भी गरजता है और दुनिया उसे सुनती और तालियां बजाती है। इसका नजारा प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा में और उसको मिल रहे प्रतिसाद और पाक की फजीहत में दिख रहा है। पाक को अब तो अपनी राह सही करनी चाहिए वरना उसकी फजीहत तय है। उसका मुकाबला मोदी युग के नए भारत से है, जो अपनी बात दुनिया की बड़ी सी बड़ी शक्ति से मनवाने का दमखम रखता है, क्योंकि वह सही है और इस पर हर भारतीय को गर्व है।

## पांच लोगों ने किया अप्राकृतिक दुष्कर्म, करनी पड़ी आपात सर्जरी

**मुंबई :** नवी मुंबई के वाशी में पांच अज्ञात लोगों ने 36 वर्षीय एक व्यक्ति के साथ यौन उत्पीड़न कर उसके साथ बर्बरता की, जिसके बाद उसकी जान बचाने के लिए आपात ऑपरेशन करना पड़ा। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि घटना सोमवार शाम को सेक्टर आठ में एक सुनसान जगह पर हुई। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब वह सिगरेट पी रहा था तब पांच लोग उसे जबरन सुनसान जगह ले गए और उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। वाशी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि पीड़ित जब बेहोश होने लगा तब आरोपी वहां से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि माना जा रहा है कि आरोपी 25 से 30 साल की उम्र के थे। पुलिस को आशंका है कि घटना के वक्त आरोपी नशे में थे। पीड़ित पूरी तरह से बेहोश होने से पहले किसी तरह हाइवे पर आया। अधिकारी ने बताया कि कुछ राहगीर उसे पास के अस्पताल ले गए। उन्होंने बताया कि एक निजी अस्पताल में पीड़ित का ऑपरेशन किया गया है। उन्होंने बताया कि आईपीसी की धारा 377 ( अप्राकृतिक यौनाचार) और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## डॉक्टर की लापरवाही से कटा था बच्चे का अंगूठा, 24 साल बाद मिलेगा 6 लाख मुआवजा

**मुंबई :** मुंबई के एक हॉस्पिटल में 24 साल पहले डॉक्टरों की लापरवाही की वजह से डेढ़ साल के बच्चे को अपना अंगूठा गंवाना पड़ा था। घटना के 24 सालों के बाद डिस्ट्रिक्ट फोरम ने डॉक्टर को 6 लाख 25 हजार रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। यह हादसा 1995 में घाटकोपर के रजावड़ी हॉस्पिटल में हुआ था। सैफ शेख नामक डेढ़ साल का बच्चा हॉस्पिटल में भर्ती था। डॉक्टर और स्टाफ की लापरवाही की वजह से नसों में इंजेक्शन लगने में हुई गलती की वजह से बच्चे का पूरा हाथ नीला पड़ गया और अंदर का मांस सड़ने लगा। इस वजह से बच्चे के अंगूठे को काटना पड़ा।

# राज्य में दोबारा बनेगी महायुति की सरकार : सीएम

**मुंबई :** विधानसभा चुनाव में भाजपा और शिवसेना की युति की चल रही अटकलों के बीच बुधवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे ने एक कार्यक्रम में मंच साझा किया। जिसमें मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने युति पर बोलते हुए कहा कि राज्य में महायुति सरकार है और चुनाव बाद भी महायुति की सरकार बनेगी। बुधवार को नवी मुंबई के वाशी में माथाड़ी कामगार नेता और पूर्व विधायक अण्णासाहेब पाटिल की 86 वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यकताओं का भव्य सम्मेलन (मेलावा) आयोजित किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल मुख्यमंत्री ने कामगार कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की तर्ज पर माथाड़ी कानून को पूरे देश में लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयास कर रहे हैं। राज्य सरकार माथाड़ी कामगारों की समस्याओं को गंभीरता से लेते उन्हें उससे निजात दिलाने के लिए काम कर रही है। महायुति सरकार की ताकत माथाड़ी कामगारों को मिलेगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने भाजपा और शिवसेना के बीच युति का संकेत देते हुए कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि चुनाव में माथाड़ी कामगारों का पूरा समर्थन



महायुति को ही मिलेगा।

इस दौरान माथाड़ी कामगार सम्मेलन में उपस्थित शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भाजपा-शिवसेना युति पर बोलते हुए कहा कि हम चुनाव जीतेंगे और राज्य में महायुति की सरकार बनेंगी। यह बताना इसलिए जरूरी है कि पिछले कई दिनों से भाजपा और शिवसेना की युति को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। राकांपा के मुखिया शरद पवार के खिलाफ ईडी द्वारा की गई कार्रवाई पर बोलते हुए ठाकरे ने कहा कि हम गंदी राजनीति नहीं करते और ना कभी ऐसा करेंगे। बुधवार को मुख्यमंत्री और उद्धव ठाकरे के एक मंच पर शामिल होने पर पूरे राज्य का ध्यान दोनों नेताओं के कार्यक्रम पर था कि युति को लेकर उद्धव ठाकरे क्या बोलेंगे। लेकिन मुख्यमंत्री फड़नवीस और उद्धव ठाकरे विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में महायुति की ही सरकार बनेगी, कहकर युति को लेकर चल रहीं अटकलों पर विराम लगा दिया। बता दें कि माथाड़ी कामगारों द्वारा नवी मुंबई के वाशी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री और उद्धव ठाकरे को निमंत्रित किया गया था, जिसमें मुख्यमंत्री के पहुंचने के घंटों बाद उद्धव ठाकरे कार्यक्रम में पहुंचे। उद्धव ठाकरे के समय पर न पहुंचने से कार्यकर्ता निराश होने लगे थे कि उद्धव ठाकरे कार्यक्रम में आएंगे या नहीं, जिसे दोनों पार्टियों की युति से भी जोड़ा जाने लगा था।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे के अलावा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल, शिवसेना सचिव मिलिंद नार्वेकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुन्ना झिंगाडा, रवि पुजारी को कब भारत लाया जाएगा !

**मुंबई :** मुन्ना झिंगाडा और रवि पुजारी अंडरवर्ल्ड के माफिया हैं। पिछले काफी समय से विदेश की जेल में बंद हैं। मुंबई पुलिस ने भारत सरकार के जरिए इनके खिलाफ सारे दस्तावेज उन देशों को भेज दिए है, जहां ये बंद हैं। फिर भी इन्हें मुंबई लाने की कोशिशें सफल नहीं हो पाई हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी के अनुसार इस दिशा में उनकी ओर से काम पूरा किया जा चुका है। इन दोनों सरगनाओं के खिलाफ दर्ज केसों की चार्जशीट, एफआईआर की कॉपी, दोनों आरोपियों के फिंगर प्रिंट्स, वोटर लिस्ट में इनके नाम, इनके स्कूल से जुड़े कागजात और अन्य दस्तावेज संबंधित देशों की सरकारों और अदालतों को भेजे गए हैं। रवि पुजारी सेनेगल की जेल में बंद है। उसने भी पुलिस से दावा किया है कि उसका नाम रवि पुजारी है ही नहीं। उसने अपने पक्ष में फर्जी सबूत पेश किए हैं। मुंबई पुलिस ने उसके खिलाफ असली सबूत दिए हैं। यह देखने वाली बात होगी कि उसे भारत लाने में कब कामयाबी मिलती है? रवि पुजारी के खिलाफ मुंबई, कनार्टक, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली में करीब 300 से ज्यादा केस हैं। मुन्ना झिंगाडा के खिलाफ भी मुंबई में दर्जनों एफआईआर दर्ज हैं।

वहीं, मुन्ना झिंगाडा के खिलाफ निचली अदालत जीत भी मिली है, लेकिन बाद में उसने ऊपरी कोर्ट में फैसले को चुनौती दे दी, इसलिए अब ऊपरी कोर्ट में फैसले का इंतजार करना पड़ेगा। मुन्ना झिंगाडा डी कंपनी का कुख्यात शूटर है। उसने दो दशक पहले बैंकॉक में छोटा राजन पर गोलीबारी की थी। वह तब से वहां की जेल में बंद है। रवि पुजारी पहले राजन गैंग का ही आदमी था। बैंकॉक शूटआउट के बाद वह राजन गैंग से अलग हो गया और उसने खुद का गिरोह बना लिया था।

## चुनाव, दिवाली, गांधी जयंती: अक्टूबर में 8 दिन होंगे 'ड्राई-

**मुंबई :** कई सालों के बाद ऐसा हो रहा है कि अक्टूबर में 8 दिन ड्राई-डे होंगे। इसका कारण यह है कि इसी महीने विधानसभा चुनाव का मतदान, मतगणना, दिवाली जैसे त्योहारों के अलावा गांधी जयंती भी है। ये 8 दिन नियमित शराब का सेवन करने वालों के लिए परेशानी भरे हो सकते हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लागू है। आबकारी विभाग से लेकर पुलिस, आयकर विभाग सहित सभी संबंधित विभाग के लोग चौकन्ने हैं। शराब की खरीद-ब्रिकी पर सभी की पैनी नजर है। उस पर ड्राई-डे ने शराब के शौकीनों की परेशानी बढ़ा दी है। राज्य के आबकारी विभाग के अनुसार, बुधवार 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती है। हर साल की तरह उस दिन भी विदेशी शराब, देसी शराब और ताड़ी की दुकानें बंद रहेंगी।

दूसरा ड्राई-डे मंगलवार 8 अक्टूबर दशहरा के दिन होगा। रविवार 13 अक्टूबर को वाल्मीकि जयंती के दिन भी शराब की दुकानें बंद रहेंगी। वाल्मीकि जयंती के बाद सोमवार 21 अक्टूबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए मतदान होंगे और मतदान से पहले 48 घंटे के लिए शराब की बिक्री पर रोक लग जाएगी। मतलब शनिवार 19 अक्टूबर, रविवार 20 अक्टूबर को भी शराब की सभी दुकानों पर ताले लगे रहेंगे। इसके बाद सोमवार 21 अक्टूबर को मतदान होगा, इसलिए उस दिन भी राज्यभर में शराब की दुकानें बंद रहेंगी। मतदान के बाद गुरुवार 24 अक्टूबर को मतगणना होगी।

# एक महिला ने जैसे ही दूधवाले के लिए खोला दरवाजा तो मामला पहुंच गया थाने

**आईटीबीपी** में तैनात जवान नंदलालपुर में प्रेमिका के साथ लिवइन में रह रहा था। पत्नी को जानकारी हो गई। सुबह जिस समय दूधवाला आता है, पत्नी घर पहुंच गई। दरवाजा खटखटाया। प्रेमिका नींद में दूध लेने दरवाजे पर आई। प्रेमी की पत्नी को देखकर उसके होश उड़ गए। पत्नी ने शोर मचा दिया। भीड़ जमा हो गई। पुलिस आ गई। थाने पर पंचायत हुई। जैसे-तैसे मामला निपटा। यह मामला उत्तर प्रदेश के आगरा शहर का है। घटना सोमवार सुबह करीब छह बजे की है। अतरौली ( अलीगढ़ ) निवासी युवक आईटीबीपी में सिपाही है। नोएडा में तैनाती है। गांव की एक युवती से उसकी पंद्रह साल पुरानी दोस्ती है। युवती की ससुराल बुलंदशहर में है। वह नोएडा में एक सिक्योरिटी कंपनी में नौकरी करती है। पति से झगड़ा हुआ था। उसने मारपीट कर दी। गुस्से में 29 अगस्त को उसने घर छोड़ दिया। छोटी बेटी को साथ लेकर घर से निकली। सीधे आईटीबीपी जवान के पास पहुंची। पांच दिन दोनों नोएडा में रहे। उसके बाद जवान ने प्रेमिका को नंदलालपुर में एक मकान दिला दिया। दोनों छह सितंबर से साथ रह रहे थे। यह जानकारी जवान की पत्नी को हो गई। वह कई दिनों से पति की रेकी कर रही थी। बड़ी मुश्किल से उसने वह ठिकाना खोज निकाला, जहां पति रह रहा था। सुबह उसने दरवाजे पर दस्तक दे दी। रंगे हाथ पकड़े जाने पर जवान की बोलती बंद हो गई। वह समझ नहीं पा रहा था कि हंगामा कर रही पत्नी को कैसे समझाए। वह पत्नी को रोकने की कोशिश कर रहा था। पत्नी एक ही बात बोल रही थी कि जिंदा नहीं छोड़ेगी। किसी ने उसके बच्चों का हक छीना तो अच्छा नहीं होगा।

पत्नी ने 100 नंबर पर सूचना दी। पुलिस दोनों को थाने ले गई। थाने में पत्नी ने कहा कि कोई कार्रवाई नहीं चाहती। सिर्फ अपना पति चाहिए। यह देख पुलिस ने महिला के पति को भी बुला लिया। दोनों पक्षों के बीच पंचायत कराई। कई घंटे बाद समझौता हुआ। महिला को उसका पति ले गया। जवान अपनी पत्नी के साथ घर लौटा।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे करोड़ों रुपये, गिरफ्तार

**दिल्ली** पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है. मामले में एक मास्टरमाइंड सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. टीम ने मौके से 18 मोबाइल फोन, 13 हार्ड डिस्क, एक सर्वर, 12 हेडफोन्स, 4 लैपटॉप और पांच डेबिट कार्ड बरामद किए हैं. इसके अलावा पांच बैंक खातों की जानकारी मिलने के बाद उन्हें सीज कर दिया गया है. नोएडा से संचालित इस कॉल सेंटर से करीब एक हजार बेरोजगारों से दो करोड़ रुपये की ठगी की जा चुकी है. मास्टरमाइंड कुनाल सिंह नोएडा सेक्टर-74 का रहने वाला है. साल 2016 में ठगी के मामले में उसे पुणे पुलिस ने गिरफ्तार किया था. कॉल सेंटर को पुलिस व लोगों की नजरों से बचने के लिए वह आइ स्टार 24 नाम से ऑनलाइन न्यूज चैनल भी चला



रहा था. पुलिस को एक महिला वकील ने शिकायत दी थी कि उन्होंने कॉरपोरेट वकील की नौकरी के लिए एक वेबसाइट पर आवेदन किया था. उनके पास विदेश के किसी नंबर से फोन आया और नौकरी दिलाने की बात कही गई. बॉयोडाटा व अन्य दस्तावेजों की स्कैन कॉपी मांगी गई. नौकरी दिलाने के लिए प्रोसेसिग फीस और अन्य मदों में उनसे 34 हजार रुपये की ठगी की गई. इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस में की जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है.


# भारतीय सेवा महासंघ मुंबई (रजि.) (एन.जी.ओ.)

*न्याय धर्म की लड़ाई में हमेशा तत्पर रहनेवाला, कानूनी सलाह में सहयोग देनेवाला सामाजिक संस्था (एन.जी.ओ.) भारतीय सेवा महासंघ मुंबई चौबीसो घंटे आपके साथ है। ।*




**विशेष -** जिस किसी महिला, पुरुष नवयुवक, नवयुवती को सदस्य/पदाधिकारी बनना चाहते तो साथ में सदस्य शुल्क चार फोटो व स्थानीय/स्थायी पता, संपर्क नंबर लाना ना भूले ।

**भारतीय महासंघ मुं. का सदस्यता अभियान व पदाधिकारी की नियुक्ति के साथ ही सात परिचय पत्र 'आयकार्ड' (आलेख पत्र) देने का अभियान शुरु**

**विशेष जानकारी के लिए संपर्क -**
जय बजरंग बली, वेलफेअर एसोसिएशन
गांधीनगर नं. 10, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ) 97 फोन नं. 022-29656280,
9821287905

**राष्ट्रीय अध्यक्ष- दीनानाथ तिवारी ( वरिष्ठ पत्रकार ), महाराष्ट्र अध्यक्ष-राजेश बाबू, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष- मंजु तिवारी, मुंबई अध्यक्ष- डॉ. आर.एम. तिवारी, महिला मुंबई अध्यक्षा- नीतू सिंह, महासचिव- विजय प्रकाश मिश्रा, राजेश यादव ( पत्रकार ), उपाध्यक्ष- कमलेश दुबे, उपेन्द्रमणि पाण्डेय, कोषाध्यक्ष- प्रमोद पाण्डेय, संगठन मंत्री- शेषधर दुबे, ठाणे जिला अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ला ( वरिष्ठ पत्रकार ), थाना जिलाउपाध्यक्ष पप्पू खान वरिष्ठ नेता, रामजी शुक्ला, सैलराज मिश्रा, चंद्रसेन सिंह, खुशियाल शुक्ला, पवन गुप्ता, हीरालाल धिमर, मनोज चौधरी सहित समस्त पदाधिकारी एवं कई हजार सदस्य गण आपका हार्दिक स्वागत करते है।।**


## अब माहुल की जंग सुप्रीम कोर्ट में लड़ने की तैयारी

**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट का अपने पक्ष में फैसला सुनाने के बाद माहुल के लोग सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार और बीएमसी के खिलाफ लड़ाई लड़ने को तैयारी कर रहे हैं। माहुल के लोगों के मुताबिक, बीएमसी ने हाई कोर्ट के फैसले पर स्टे की मांग की थी। इससे लगता है कि सरकार और बीएमसी न्याय देने की बजाय सुप्रीम कोर्ट जाएगी। इसीलिए उन्हें अपना पक्ष रखने की तैयारी शुरू कर दिए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता बिलाल खान ने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट में कैवियट को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा कि जैसे ही इस मुद्दे पर सुनवाई होगी, उनके वकील माहुल के लोगों का दर्द और हाई कोर्ट के फैसले में की गई टिप्पणियों से सुप्रीम कोर्ट से अवगत कराएंगे।


## आवश्यकता है

**मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :**

**संपर्क : मो.**
**९८२१२८७९०५,**
**९३२२२४८३५३-**
**९१६७००९६२९**
**Email :**
**metrodinank@gmail.com**

## Advertisment Rates

**Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)**

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**
5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। **संपादक -** दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ :** बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,
**मो.** 9821287905, 9322248353-9167009629
Email : metrodinank@gmail.com
Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009
नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

## संक्षिप्त न्यूज

### बोधगया में सेक्स रैकेट का खुलासा, चार लड़कियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भगवान** बुद्ध की नगरी कहे जाने वाले बोधगया में पुलिस ने छापा मारकर एक बड़े सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने छापेमारी के दौरान 4 लड़कियों और एक युवक को भी गिरफ्तार किया है. इन सभी पर सेक्स रैकेट चलाने का आरोप है. गया पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी कि होटल बोधगया रीजेंसी में पिछले कई महीनों से देह व्यापार का गोरखधंधा चल रहा था. इसी सूचना के आधार पर सोमवार को पुलिस ने इस होटल पर छापेमारी की और सेक्स रैकेट का खुलासा किया. इस सेक्स रैकेट में शामिल 4 लड़कियां और 1 लड़के को पुलिस ने होटल से रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. सेक्स रैकेट में इस्तेमाल किए जाने वाले पांच वाहन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है जिसमें 4 गाड़ियां और एक मोटरसाइकिल शामिल है.

### ३०० फुट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ी १२वीं की छात्रा, भीड़ के सामने कूदकर दी जान



**मध्यप्रदेश** में शिवपुरी के फिजिकल थाना क्षेत्र में मंगलवार को 19 वर्षीय स्कूली छात्रा ने पानी की 300 फुट ऊंची टंकी से कूदकर कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। फिजिकल कॉलेज पुलिस थाने की प्रभारी निरीक्षक दीप्ति तोमर ने बताया कि मृतक छात्रा की शिनाख्त प्रियदर्शनी कॉलोनी के पास रहने वाली साक्षी तिवारी के रूप में हुई है। छात्रा स्थानीय रनगढ़ रेनबो हायर सेकेंडरी स्कूल की 12 वीं कक्षा में पढ़ती थी। तोमर ने बताया कि छात्रा के टंकी पर चढ़ जाने के बाद वहां मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। उन्होंने कहा "मैंने स्वयं उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानी और टंकी के पिछली ओर से नीचे कूद गई।

### जब महिला ने पति के सामने प्रेमी को चप्पल से मारने से किया इनकार, जानें पूरा मामला



**उत्तर-प्रदेश** के आगरा में मलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक को बुरी तरह पीटकर मरणासन्न कर दिया गया। उस पर पड़ोस की विवाहिता से मोबाइल पर बात करने का आरोप लगाया गया। बचाने आई उसकी बहन से भी मारपीट की गई। कपड़े फाड़ दिए गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को बचाया। उसको अस्पताल भेजा। मामले की जांच की जा रही है।

थाना मलपुरा क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस में रहने वाले दो परिवारों के युवकों में कहासुनी हो गई। एक युवक का आरोप था कि पड़ोसी युवक उसकी पत्नी को फोन करता है। आरोपी युवक ने इससे इनकार किया। उसका मोबाइल चेक किया गया। उसमें आरोप लगाने वाले युवक की पत्नी की मिस्ड कॉल थी। आरोप लगाने वाले युवक ने आपा खो दिया। आरोपी युवक की पिटाई शुरू कर दी। मौके पर आरोपी युवक का पिता पहुंच गया। उसने कहा कि अगर बेटे की गलती है तो पीड़ित विवाहिता से उसको चप्पल लगवाई जाएं। विवाहिता को मौके पर बुलाया गया। उसने आरोपी युवक को चप्पल मारने से इनकार कर दिया। इसके बाद विवाहिता के पति और उसके परिवार ने आरोपी युवक को इतना मारा कि वह मरणासन्न हो गया। उसकी बहन को भी मारा पीटा । उसके कपड़े तक फाड़ दिए गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

# गिरफ्तार खालिस्तानी आतंकियों ने उगले राज बताया– निशाने पर थे कई बड़े हिंदू नेता



**पिछले** दो हफ्तों के दौरान पंजाब के तरनतारन से पकड़े गए दर्जनभर खालिस्तानी आतंकवादियों से की गई पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आईएसआई और खालिस्तानी आतंकी पंजाब में 26/11 जैसी बड़ी आतंकवादी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इन आतंकवादियों के निशाने पर पंजाब के कई बड़े धार्मिक और राजनीतिक नेता भी थे. गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों ने पुलिस को इन नेताओं के नाम भी बताए हैं, जिनको सुरक्षा कारणों से सार्वजनिक नहीं किया गया है. खालिस्तानी आतंकवादियों के कब्जे से मिले हथियारों के जखीरे में कुछ हथियार ऐसे थे, जिनको जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों को दिए जाने थे, तो कुछ हथियार बाबा बलवंत सिंह नाम के खालिस्तानी समर्थक को सौंपे जाने थे. बाबा बलवंत सिंह साल 2016 में 3 टारगेट किलिंग के मामलों में जेल की सलाखों के पीछे बंद है. खालिस्तानी समर्थकों द्वारा अब तक पंजाब में आधा दर्जन से अधिक हिंदू और दूसरे धर्मों के नेताओं को निशाना बनाया जा चुका है. पंजाब पुलिस महानिदेशक दिनकर गुप्ता से जब इस बारे में बात की गई, तो उन्होंने जांच जारी होने की बात करके इस सवाल को टाल दिया. साथ ही कहा कि बरामद किए गए हथियारों का इस्तेमाल कहीं न कहीं तो होना था.

रविवार को तरनतारन में गिरफ्तार किए गए चार आतंकवादियों का संबंध निहंग समुदाय के डेरे से है, जिसकी जांच की जा रही है. उधर पंजाब के तरनतारन में हथियारों के जखीरे बरामद होने के बाद पंजाब के कई जिलों में हाई अलर्ट है और पुलिस अतिरिक्त चौकसी बरत रही है. राज्य के पठानकोट गुरदासपुर सहित कई जिलों में सड़कों की नाकाबंदी की गई है और आने-जाने वाले वाहनों की तलाशी ली जा रही है. दरअसल, पठानकोट से सटी लखनपुर सीमा से हथियार पंजाब पहुंचे थे, जिससे पंजाब पुलिस की जमकर किरकिरी हुई. पुलिस अब भी आतंकवादियों को हथियार मुहैया करवाने वाले लोगों की गिरफ्तारी नहीं कर पाई है. अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में हाईअलर्ट है और सीमा पर कड़ी चौकसी बरती जा रही है, जिसके चलते आतंकवादी और नशा तस्कर अब ड्रोन का इस्तेमाल करके पंजाब के रास्ते हथियारों और नकली करंसी की सप्लाई की कोशिश कर सकते हैं.

# गिफ्ट देने के बहाने 14 साल की नाबालिग से रेप



**गुरुग्राम:** गुरुग्राम के एमजी रोड स्थित एक सोसाइटी में 14 साल की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है. पुलिस को मंगलवार दोपहर को सूचना मिली थी कि एमजी रोड पर किसी सोसाइटी में 14 साल की लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया है और पीड़िता को मैक्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. मौके पर पहुंची गुरुग्राम पुलिस ने पीड़िता के परिजनों के बयान पर 21 वर्षीय अरुण नाम के एक शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को पटेल नगर इलाके से गिरफ्तार करने के बाद मामले का खुलासा किया गया. वही इस मामले में डीसीपी क्राइम की मानें तो आरोपी अरुण पेशे से लिफ्ट इंजीनियर है और लिफ्ट की मेंटेनेंस के बहाने सोसाइटी में आता जाता रहता था. पीड़िता से आरोपी की मुलाकात सोसाइटी में हुई थी. 23 सितंबर को आरोपी मौका पाकर पीड़िता को गिफ्ट देने के बहाने पहले सोसाइटी की छत पर ले गया और वहां दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया.

दुष्कर्म करने के बाद आरोपी फरार हो गया. पीड़िता को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया. पुलिस की मानें तो आरोपी सोनीपत का रहने वाला है और गुरुग्राम में पटेल नगर इलाके में रहता है. बहरहाल आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है.

# घर से अगवा कर छह युवको ने नाबालिग से किया गैंगरेप

**सुपौल** के त्रिवेणीगंज में शौचालय के लिए गई एक नाबालिग को घर से अगवा कर छह युवकों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना थाना क्षेत्र के एक वार्ड में मंगलवार रात को घटी। पुलिस ने मामले में छह आरोपितों में से चार को गिरफ्तार कर लिया है वहीं दो अन्य आरोपित घर से फरार हैं। पुलिस सूत्र के मुताबिक आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। नाबालिग के बयान पर थाने में सभी आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दिए बयान में पीड़िता ने कहा है कि मंगलवार की रात करीब दो बजे वह शौचालय गई थी। शौचालय से निकली ही थी कि पहले से घात लगाए उसी वार्ड के आशीष कुमार गांव के पिंटू कुमार, सिंटू कुमार, राजन कुमार, मटकुरिया निवासी प्रदीप साह और विजय कुमार बैठे थे।

सभी आरोपित उसे उठा कर घर से कुछ दूर महोगनी बागान में ले गए। मारपीट करने के बाद एक आरोपति ने बंदूक दिखाकर डरा दिया। फिर सभी ने बारी-बारी से गलत काम किया। जाते समय उसे धमकी दी गई कि इस बात की जानकारी किसी देने पर दोबारा दुष्कर्म कर उसे और उसे पिता की हत्या कर दी जाएगी। पुलिस ने बुधवार को अलग-अलग छापामारी कर पिंटू कुमार, सिंटू कुमार, विजय कुमार और प्रदीप साह को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ गणपति चौधरी ने गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की। थानाध्यक्ष सुधाकर कुमार ने बताया कि फरार आरोपित आशीष और राजन की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# छात्र के सिर पर धारदार हथियार से वार, फिर गले में फंदा डाला और लाश को 13 किमी तक बाइक से घसीटता रहा



**उत्तर** प्रदेश के मेरठ में मंगलवार सुबह हाईवे-235 पर दिल दहला देने वाली दुस्साहिक वारदात को अंजाम दिया गया। हापुड़ के एक छात्र की सिर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई और गले में फंदा डालकर लाश को करीब 13 किलोमीटर तक बाइक से बांधकर हाईवे पर घसीटा गया। हत्यारे लाश को खरखौदा क्षेत्र में फेंककर भाग निकले। पुलिस सड़क पर मौजूद खून के निशान का पैदल पीछा करते हुए हापुड़ में घटनास्थल तक पहुंची। छात्र की शिनाख्त हो गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

मंगलवार सुबह आठ बजे मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर खरखौदा थाना क्षेत्र के धीरखेड़ा के पास सड़क किनारे कच्चे रास्ते पर एक युवक की लाश पड़ी थी। सूचना पर इंस्पेक्टर मनीष बिष्ट मौके पर पहुंचे। शव औंधे मुंह पड़ा था और पास में ही उसकी बाइक पड़ी थी। बाइक से बरामद कागजात के आधार पर पुलिस ने बाइक मालिक रोहटा रोड मेरठ निवासी चंद्रपाल के बेटे से पूछताछ की। उसने दोस्त मुकुल द्वारा बाइक ले जाने की जानकारी दी। इसके बाद मृतक की शिनाख्त मुकुल पुत्र स्वर्गीय प्रेमसुंदर के रूप में हुई।

मुकुल मूल रूप से बुलंदशहर में बीबीनगर थाना क्षेत्र के एत्मादपुर का रहने वाला था। अपनी मां शशि के साथ हापुड़ में स्वर्ग आश्रम रोड पर किराए के मकान में रह रहा था। मृतक के सिर पर धारदार हथियार के प्रहार का निशान था। खून के निशान घटनास्थल से लेकर हापुड़ में हाईवे स्थित नई मंडी तक पाए गए। इन्हीं निशानों से पुलिस पैदल चलते हुए हापुड़ तक पहुंची। पुलिस मान रही है कि हापुड़ में हत्या कर लाश यहां फेंकी गई। उसके गले में फंदा डाला और उसे बाइक से बांधकर घसीटते हुए खरखौदा में लाकर फेंक दिया। परिजनों के मुताबिक, मुकुल सोमवार सुबह 10 बजे से लापता था।

## प्रेमिका बार-बार कहती रही 'शादी कर लो... शादी कर लो' तो प्रेमी ने मौत के घाट ही उतार दिया




**उत्तर** प्रदेश के बिजनौर जिले से प्रेम प्रसंग का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसके जानने के बाद इंसान का प्रेम पर से ही भरोसा उठ जाए। दरअसल, बिजनौर से शादी का दबाव बनाने पर प्रेमिका की हत्या का मामला सामने आया है। नजीबाबाद से लापता युवती का शव कोटद्वार से दुगड्डा के बीच खाई में पड़ा मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेजा। युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के बीच शादी को लेकर अनबन हुई और युवक ने गला दबाकर प्रेमिका की हत्या कर डाली।

सोमवार की शाम कोटद्वार से दुगड्डा के बीच खाई में पुलिस ने युवती का शव बरामद कर कब्जे में लिया। युवती की शिनाख्त नजीबाबाद के हिमालयन कालोनी निवासी सुरेश कश्यप की पुत्री मीनाक्षी के रूप में हुई। परिजनों न शव की पहचान की। परिजनों के अनुसार मीनाक्षी 16 सितंबर को लापता हुई थी। सुरेश पुत्र धर्मपाल निवासी हिमालयन कालोनी ने17 सितंबर को मीनाक्षी की गुमशुदगी की तहरीर नजीबाबाद थाने में देते हुए मड़का निवासी योगेश के साथ कई युवकों पर अपहरण का आरोप लगाया था।

## कच्ची उम्र में चढ़ा शादी का खुमार, पहले घर छोड़ा, जब पुलिस ने परिवार को किया फोन तो...



**लड़के** की उम्र 12 बरस तो लड़की 13 साल है। कच्ची उम्र दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठे। खेलने-कूदने और पढ़ने-लिखने की उम्र में शादी का ख्वाब संजो लिया। दोनों बच्चों के घर वाले शादी के लिए राजी नहीं थे, तो दोनों घर भाग निकले। ट्रेन में सवार होकर अलीगढ़ जंक्शन जा पहुंचे। मासूम प्रेमी-प्रेमिका स्टेशन पर रो रहे थे। पुलिस ने पूछताछ की, तो दोनों ने प्रेम कहानी सुना दी। पुलिस ने दोनों के घर वालों को बुलाया, लेकिन वह उन्हें लेने नहीं पहुंचे। दोनों के परिजनों ने उनसे किनारा करते हुए अपने फोन भी बंद कर लिए। बाल कल्याण समिति ने इस मामले को खुद निगरानी में ले लिया है।

रविवार रात रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सात पर आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक को चेकिंग के दौरान दोनों बच्चे रोते मिले थे। दोनों ने खुद को एत्माउद्दौला थाना क्षेत्र के नरायच का निवासी बताया था। बालक ने अपनी उम्र 12 और बालिका की उम्र 13 वर्ष बताई थी। पहले दोनों खुद को भाई-बहन बताने लगे। बाद में उन्होंने एक-दूसरे से प्रेम करने की बात स्वीकार की थी। बताया था कि वह शादी करना चाहते हैं। मगर, दोनों के परिवार वाले तैयार नहीं हैं। इसकी जानकारी आरपीएफ ने चाइल्ड लाइन को दी। चाइल्ड लाइन ने दोनों के परिजनों से संपर्क किया, तो उन्होंने मंगलवार को बच्चों को साथ ले जाने की बात कही थी। लेकिन, मंगलवार को दोनों के परिवार वाले नहीं आए और अपने फोन भी स्विच ऑफ कर लिए। उनसे संपर्क नहीं हो सका। आज बाल कल्याण समिति सुनाएगी फैसलाः बाल कल्याण समिति की ओर से दोनों बच्चों की निगरानी की जा रही है। अगर, आज बुधवार को दोनों बच्चों के परिवार वाले नहीं आए तो आगे का फैसला समिति अपने स्तर से करेगी।

चाइल्ड लाइन प्रभारी ज्ञानेंद्र मिश्रा के अनुसार बच्चों के परिवार वाले बुलाने पर भी नहीं आए हैं। उनसे संपर्क भी नहीं हो पा रहा है।

# हाईवे पर ट्रैक्टर चालक को पीटने में सात पर केस

**कछला** चौराहे पर हुए सड़क हादसे के बाद ट्रैक्टर सवार मजदूरों की पिटाई का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने सात लोगों को नामजद करते हुए 15-20 अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट और बंधक बनाने की रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कछला में खलबली मच गई है। नामजदों में सड़क हादसे में मारे गए ओम प्रकाश का एक चचेरा भाई भी शामिल है।22 सितंबर शनिवार की सुबह कछला चौराहे पर अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली दो लोगों को रौंदती हुए एक मिठाई की दुकान में घुस गई थी। इनमें से एक घायल की उपचार को ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई, जबकि दूसरे का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसा होते ही उत्तेजित भीड़ ने ट्रैक्टर सवार दो मजदूरों को पकड़ लिया। उनकी मौके पर डंडों से पिटाई कर एक दुकान में बंद कर दिया गया। उन्हें सूचना पर पहुंची पुलिस ने बंधन मुक्त कराया। सहसवान के गांव रेलई माधोपुर निवासी मजदूर हसीमुद्दीन और महबूब अली को पुलिस अभिरक्षा में सीएचसी पर भर्ती कराया गया। वहां से मेडकल कॉलेज रेफर किया गया। उनका मेडीकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। ट्रैक्टर सवार मजदूरों की पिटाई का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार चाहर ने कछला चौकी प्रभारी ललित शर्मा को जांच सौंपी। जांच के बाद चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक ने कछला निवासी पप्पू, धुआं, ओम नंदन, कल्लू, भानु, जीराज, वीरेंद्र सहित 15- 20 अज्ञात के खिलाफ बंधक बनाकर मारपीट करने बलवा और 7 क्रमनल लॉ एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज की है।

# प्याज की बढ़ती कीमतों पर लगेगी रोक, पाकिस्तान के रास्ते भारत आ रहा है 'अफगानी प्याज'

**काबुल:** प्याज अब ज्यादा दिनों तक नहीं रुलाएगा क्योंकि काबुल ने भारत से दोस्ती निभाते हुए देश में प्याज भेजना शुरू कर दिया है. देश की पश्चिमी सीमा से लगे सूबे पंजाब के विभिन्न शहरों में पिछले कुछ दिनों से अफगानी प्याज बिकने लगा है. व्यापारिक सूत्रों ने बताया कि अफगानिस्तान से पाकिस्तान के रास्ते देश में प्याज आने लगा है. एक सूत्र ने बताया कि अफगानिस्तान से जल्द ही 30-35 गाड़ी प्याज देश में आने वाला है जिसकी लोडिंग हो चुकी है.

सूत्रों ने बताया कि भारत में प्याज के दाम में जोरदार इजाफा होने होने पर अफगानिस्तानी व्यापारी यहां के बाजारों में प्याज बेचने को उत्साहित हुए हैं और अगर, प्याज का भाव यहां 30 रुपये रुपये प्रति किलो भी रहेगा है तो अफगानिस्तान से प्याज आता रहेगा. व्यापारिक सूत्रों ने बताया कि इस समय अमृतसर और लुधियाना में अफगानी प्याज 30-35 रुपये प्रति किलो बिक रहा है. दिल्ली की आजादपुर मंडी के कारोबारी और ऑनियन मर्चेंट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट राजेंद्र शर्मा ने बताया कि एक-दो दिन में दिल्ली की मंडियों में भी अफगानी प्याज की आमद शुरू हो जाएगी, जिससे प्याज की कीमतों में और गिरावट आएगी.

उधर, कर्नाटक से प्याज की नई फसल की आवक दिल्ली की आजादपुर मंडी में बुधवार को शुरू हो गई. कारोबारियों ने बताया कि कर्नाटक से पांच ट्रक (125 टन) नया प्याज आया है और आने वाले दिनों में नए प्याज की आवक और बढ़ सकती है. आजादपुर मंडी में बुधवार को कई दिनों बाद प्याज का थोक भाव 40 रुपये से नीचे आया. व्यापारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में प्याज का थोक भाव 25-38 रुपये प्रति किलो हो गया है, जोकि पिछले सप्ताह 50 रुपये प्रति किलो हो गया था. शर्मा ने बताया कि बुधवार को मंडी में 55 गाड़ी यानी 1,100 टन प्याज आया इसके अलावा एक दिन पहले का बचा हुआ 95 टन यानी 1900 टन प्याज बचा हुआ है. इस प्रकार, सप्लाई बढ़ने से कीमतों में करीब सात-आठ रुपये गिरावट आई है. गौरतलब है कि देश के सबसे बड़े प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र समेत दक्षिण भारत के राज्यों में बारिश होने से प्याज की फसल खराब होने और नई फसल की तैयारी में विलंब होने की आशंकाओं से प्याज की कीमतों में जोरदार वृद्धि दर्ज की गई. प्याज के दाम को काबू में रखने के मकसद से केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री राम विलास पासवान ने मंगलवार को प्याज की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी. उन्होंने कहा कि सरकार स्टॉक लिमिट लगाने पर भी विचार कर सकती है.

केंद्र सरकार ने नैफेड को सफल, मदर डेयरी एवं एनसीसीएफ के बिक्री केंद्रों के साथ-साथ खुद के विक्रय केंद्रो के जरिए दिल्ली में प्याज का वितरण करने का निर्देश देते हुए कहा है कि प्याज की कीमत 24 रुपये प्रति किलो से ज्यादा नहीं होनी चाहिए. वाणिकी फसलों के तीसरे अग्रिम उत्पादन अनुमान के अनुसार, 2018-19 में प्याज का उत्पादन 343.85 लाख टन है जोकि पिछले वर्ष का उत्पादन 232.82 लाख टन से ज्यादा है.

# भायंदर में गूंजेगी रामलीला की चौपाई

**पूजा पाण्डेय**

**भायंदर,** मीरा-भायंदर रामलीला समिति चेरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से होने वाली रामलीला की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हैं। इस रामलीला मंच में महिला पात्र का किरदार महिला और पुरुष का किरदार पुरुष निभाते हैं।

भायंदर पूर्व, आर.एन.पी. पार्क के राहुल स्पोर्ट्स् ग्राउंड में होने वाली रामलीला के मुख्य संरक्षक राहुल ग्रुप ऑफ स्कूल्स एण्ड कॉलेज के चेयरमैन पंडित लल्लन तिवारी ने २००८ में रामलीला की शुरूआत की थी, जिसमें पुत्र राहुल तिवारी का पूरा सहयोग मिलता है।

रामलीला के मुख्य संरक्षक लल्लन तिवारी ने बताया कि १० दिन चलने वाली रामलीला की शुरुआत २९ से होगी। पहले दिन शंकर पार्वती संवाद, नारद मोह, रावण वध व राम जन्म प्रसंग का मंचन किया जाएगा, जबकि अंतिम दिन ८ अक्टूबर को रावण वध और राम राजतिलक प्रसंग का मंचन होगा, अगले दिन ९ अक्टूबर को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन होगा। प्रतिदिन रामलीला मंच का कार्यक्रम ११ साल से अनवरत चल रहा है। रामलीला को देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ती है। अवधि और हिंदी भाषा में






संगीतमय रामलीला का मंचन किया जाता है। राजकुमार मिश्रा ने कहा कि सरस्वती साहित्य कला मंडल के कलाकार रामलीला में अभिनय करते हैं, जो १५दिन से अभ्यास कर रहे हैं, जिसमें कुछ कलाकार टी.वी. सीरियल्स के अभिनेता भी हैं।

लल्लन तिवारी ने कहा कि हमारी नई पीढी पर संस्कृति व सभ्यता के साथ ही साथ रामायण व भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन व आदर्श से उन्हें परिचित कराना रामलीला का मुख्य उद्देश्य है। रामलीला के माध्यन से लोग एक जगह इकट्ठा होकर मिलते-जुलते हैं। इससे आपसी भाईचारा बढ़ता है।

# समन्वय संकल्प ने किया पुरस्कृत शिक्षकों का सम्मान

**लवकुश तिवारी**

**मुंबई** की प्रमुख सामाजिक - साहित्यिक संस्था समन्वय संकल्प ने हिंदी भाषी शिक्षकों को सम्मानित किया । जिन शिक्षकों को इस वर्ष का महाराष्ट्र राज्य और महापौर







पुरस्कार प्राप्त हुआ है उन सभी शिक्षकों को मालाड (पूर्व) स्थित शारदा ज्ञानपीठ इन्टरनेशनल स्कूल के सभागृह मे सम्मानित किया गया । गोखले हाईस्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य एम के चौबे की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ब्रह्मदेव मिश्र तथा अरविंद तिवारी और महापौर पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सुरेश मिश्र , देवेंद्र सिंह , महाबल वर्मा , गीता त्रिपाठी और मुख्याध्यापक कमलेश सिंह को शॉल, पुष्प गुच्छ व पुस्तक उपहार देकर सम्मानित किया गया । इसी प्रकार सी. ए. की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विशाल महेश दुबे , कमर्शियल पायलट की परीक्षा उत्तीर्ण होने पर हार्दिक आशुतोष पाण्डेय तथा करियर गुरु अवार्ड मिलने पर कविता मिश्रा पाण्डेय को भी शॉल , पुष्प गुच्छ व पुस्तक उपहार देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य ज्योत्सना शर्मा , एडवोकेट मुकेश पाण्डेय , मनपा शालाओं के अधीक्षक अशोक मिश्र , संजीवनी वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. सीमा नेगी , नवसारी स्थित श्री सत्य साई विद्यानिकेतन के प्रधानाचार्य बिभूतिनारायण बिस्वाल और शिक्षण विभाग सहकारी बैंक के संचालक शरद सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

समन्वय संकल्प के संस्थापक व प्रबंध ट्रस्टी अनिरुद्ध पाण्डेय ने कार्यक्रम का संचालन किया । कार्यक्रम की शुरूआत में प्रसिद्ध हास्य कवि सुरेश मिश्र के संचालन में कवि सम्मेलन हुआ जिसमें महेश दुबे , सरिता उपाध्याय , राम सिंह , सुशील दुबे और राजेश दुबे ने काव्य पाठ किया। समन्वय संकल्प के कार्यों की परिचय पुस्तिका प्रगति यात्रा - 2 का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया गया । इस अवसर पर बुद्धिजीवी वर्ग के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

# केशव प्रसाद मौर्य ने अंबेडकर की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com



**मुंबई.** पंडित दीनदयाल की जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या द्वारा कुरार गाँव, पश्चिम एक्सप्रेस के समीप स्थित डॉ बाबा साहेब अंबेडकर उद्द्यान में संविधान रचयिता भारत रत्न डॉ बाबा साहेब अंबेडकर जी की मूर्ति और वीर हुतात्मा अशोक कामटे चौक पर माल्यार्पण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या व भाजपा मुम्बई के महामंत्री आर. यु. सिंह व कार्यक्रम के आयोजक नगरसेवक विनोद मिश्रा ने दीनदयाल के द्वारा बताए गए आदर्शों को समझाते हुए समाज के अंत्योदय पर भी जोर दिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने भारत रत्न बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा रचे संविधान के विषय पर प्रकाश डाल समाज के उत्थान के लिए भी मार्गदर्शन किए।



## जाहिर आभार

बुधवार, २५ सेप्टेंबर २०१९, को पण्डित दीनदयाल जी की जयंती के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्या जी द्वारा कुरार गाँव, पश्चिम एक्सप्रेस के समीप स्थित डॉ बाबा साहेब अंबेडकर उद्द्यान में संविधान रचयिता भारत रत्न डॉ बाबा साहेब अंबेडकर जी की मूर्ति और वीर हुतात्मा अशोक कामटे चौक पर माल्यार्पण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर माननीय उपमुख्यमंत्री महोदय श्री केशव प्रसाद मौर्या जी व भाजपा मुम्बई के महामंत्री श्री आर. यु. सिंह जी व कार्यक्रम के आयोजक नगरसेवक श्री विनोद मिश्रा जी ने पंडित जी के द्वारा बताए गए आदर्शों को समझाते हुए समाज के अंत्योदय पर भी जोर दिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री महोदय ने भारत रत्न बाबा साहेब अंबेडकर जी द्वारा रचे संविधान के विषय पर प्रकाश डाल समाज के उत्थान के लिए भी मार्गदर्शन किए।

कार्यक्रम में पधारें सभी मान्यवरों का हृदय की गहराइयों से पुनः धन्यवाद एवम आभार।

आपके,
श्री विनोद उदयनारायण मिश्रा जी
मंत्रीः- भाजपा, मुम्बई
अध्यक्षः- म.न.पा. पी / उत्तर प्रभाग समिति
अध्यक्षः- दी मालाड सहकारी बैंक लिमिटेड
नगरसेवकः- वार्ड ४३
रमेश शर्मा (अध्यक्षः- भाजपा वार्ड ४३.)

# राष्ट्रीय संरक्षक श्री ज्ञानप्रकाश सिंह का जन्मदिन हर्षोल्लास से अखंड राजपूताना सेवासंघ के द्वारा भव्य रूप मे मनाया गया !!

**मंजु तिवारी**




**मुंबई,** अखंड राजपूताना सेवासंघ के बैनर तले श्री आरआर परदेसी परिवार के सौजन्य से बोरीवली पश्चिम में स्थित आरआर इंटरनेशनल कॉलेज में अखंड राजपूताना सेवासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक श्री ज्ञान प्रकाश सिंह जी का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया जिसमें प्रमुख उपस्थित माननीय पूर्व गृह राज्य मंत्री श्री कृपा शंकर सिंह जी ,राष्ट्रीय संरक्षक चित्रसेन सिंह जी ,राष्ट्रीय सलाहकार हरगोविंद सिंह तोमर, श्री उमाशंकर सिंह सिसोदिया ,प्रदेश संरक्षक सतीश सिंह जी ,राष्ट्रीय संयोजक श्री जनार्दन सिंह जी ,राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर पी सिंह जी राष्ट्रीय,राष्ट्रीय महासचिव श्री अशोक सिंह जी ,राष्ट्रीय सचिव अरुण सिंह जी रमाकांत सिंह जी ,बलवंत सिंह जी, स्नेहल परदेसी ,राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश पी सिंह, राष्ट्रीय राजपुरोहित कमलेश दुबे राष्ट्रीय सचिव रवि प्रकाश सिंह ,राष्ट्रीय प्रमुख सलाहकार त्यागी जी की उपस्थिति ही यह दशार्ती है कि किस तरह लोगों ने इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का उत्साह दिखाया जिसमें युवा अध्यक्ष (थाने) नवीन सिंह काशीमीरा जिलाअध्यक्ष नितेश सिंह, थाने जिलाअध्यक्ष मृतुंजय शाही एवं उनकी टीम की उपस्थिति भी गरिमा बढा रही थी, www.rajputanashadi.com के प्रमुख लाल जी सिंह ,मुलुंड के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ,राष्ट्रीय सचिव प्रभाकर सिंह ,विजय सिहं की उपस्थिति राष्ट्रीय टीम का सम्मान बढ़ा रहे थी वहीं महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष राम नवल सिंह के नेतृत्व में उपाध्यक्ष वृजभान सिंह ,प्रदेश संरक्षक छोटेलाल सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह ,सचिव भानु प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष विनोद सिंह ,पप्पू सिंह मुंबई प्रदेश के पदाधिकारी गण अपनी उपस्थिति से संगठन का मजबूती का प्रमाण साबित करा रहे थे । संतोष बब्बन सिंह का आगमन भी आनंदित करने वाला रहा ।समाज के प्रतिष्ठित लोगों मे समाहीत जयप्रकाश सिंह (बब्बन) ,अखिलेश सिंह जी,रवि सिंह, केके सिंह, यतीश सिंह जहां अंधेरी से मलाड का प्रतिनिधित्व किया वही राष्ट्रीय सलाहकार मनोज रामधारी सिंह जी और भाजपा नेता उदय प्रताप सिंह की उपस्थिति गरिमा को बढ़ा रही थी। श्री ज्ञान प्रकाश सिंह जी को संस्था ने एक अचंभित करने वाले निर्णय के तहत उनके बड़े समधी रवि ठाकुर जी (सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी ) को कार्यक्रम में बुलाकर श्री ज्ञानप्रकाश सिंह को आनंद का अनुभव कराया ग्यान ।मुंबई पोलिस के एसीपी शंकर सिंह राजपूत पुराने पहचान के श्री सिंह के रहे हैं और विशेष रूप से उनको शुभकामना देने हेतु कार्यक्रम में पहुंचे ।फिल्म जगत से अरुण सिंह एवं अरुणा सिंह दंपति अपने स्नेह से श्री ज्ञान प्रकाश सिंह जी को अभिभूत कर दिया। राष्ट्रीय कोषाध्यक्षा रंजना सिंह की उपस्थिति बनी रही।अजीत सिंह की पहल पर रवि ठाकुर जी की उपस्थिति हुई इसके लिए संस्था अजीत सिंह का आभार प्रकट करती है ।समाज के अलग-अलग संस्थाओं से प्रतिनिधियों की उपस्थिति यह साबित करती है कि यदि उचित तरह से पहल की जाए तो समाज के सभी संगठन एक छत के नीचे एक स्टेज पर आ सकते हैं और यह भी साबित करती है कि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष की क्षमता किस तरह की है कि सभी समकक्ष संस्थाओं से भी मधुर संबंध रखते है और समयानुसार मंच भी प्रदान करते है ।प्रतिनिधियों मे समाहीत अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मुंबई प्रदेशअध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह,राजस्थान राजपूत परिषद के महामंत्री लक्ष्मण सिंह राठौर , करणी सेना के पदाधिकारी जीवन सिंह सोलंकी , क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष डीपी सिंह के साथ ही कई प्रतिष्ठित संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और श्री ज्ञान प्रकाश सिंह जी को शुभकामना प्रदान की ।जेपी सिंह (दुर्गवंश) भाजपा नेता,हर्शल परदेसी ,राजेश सिंह (थाना ),दिनेश सिंह (अंधेरी)मुंबई संरक्षक ,वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ के महासचिव अजय सिंह ,श्री दयाशंकर सिंह (बोरीवली), ज्ञानेंद्र सिंह (कांदिवली), घनश्याम सिंह (बोईसर), मुन्ना सिंह (ठाणे) तमाम ऐसी हस्तियां इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने स्नेह से शुभकामनाओं के ढेर से श्री ज्ञान प्रकाश सिंह को गदगद कर दिया। ज्ञान प्रकाश सिंह जी ने आज के दिन को समाज के प्रति समर्पित करते हुए सभी के प्यार एवं स्नेह के प्रति आभार प्रकट करते हुए संस्था के प्रति अपने लगाव को सार्वजनिक रूप से प्रकट किया। परदेशी परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अखंड राजपूताना सेवासंघ के कार्य को सराहनीय बताते हुए सदैव संरक्षण देते रहने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की । अजय सिंह ठाकुर के साथ ही पुणे जिला अध्यक्ष (शहर) एसएन ठाकुर, युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह विशेष रूप से पूणे से चलकर श्री ज्ञान प्रकाश जी को शुभकामना देने मुंबई पहुंचे ।कार्यक्रम मे कई तरह से लोगों ने श्री ज्ञान प्रकाश सिंह जी के जीवन यात्रा का वर्णन करते हुए अपने अनुभव से उनको अभिभूत कर दिया ।राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह अपने अभिभाषण में ज्ञान प्रकाश सिंह के संबंधों को उल्लेखित करते हुए संस्था के संरक्षक के रूप में उनके सहयोग को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया,संस्था के प्रमुख संरक्षक मा.कृपाशंकर सिंह ने ज्ञान प्रकाश सिंह और उनके बीच के प्रगाढ़ता को उजागर करते हुए प्यार से बुलाने वाले नाम ज्ञानू का जब ज़िक्र किया तो पूरा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा,बब्बन सिंह जी ने रामधारी सिंह दिनकर की कविता से ज्ञान प्रकाश सिंह को अलंकृत किया तो वही हरगोविंद सिंह तोमर ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि ज्ञान प्रकाश सिंह एक बहुत बड़े दिल के धनी हैं यह कहते हुए कहा हमने समाज में बहुतों के पास पैसे का अंबार देखा है लेकिन ज्ञान प्रकाश सिंह के जैसा दिल किसी के पास नहीं है ।कार्यक्रम की दूसरे पार्ट में संस्थागत बातें रखी गयी जिसमे संस्था के विस्तारीकरण को निरंतरता देते हुए कुछ विशेष नियुक्तियों की घोषणाएँ भी की गयी जिसमें प्रमुख रूप से संस्था के नए विभाग का निर्माण किया गया और भारतीय रेलवे विभाग की ज़िम्मेदारी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह के संस्तुती से राष्ट्रीय महासचिव अशोक कुमार सिंह ने अजय कुमार सिंह जी को अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया और इस नियुक्ति का संपूर्ण राष्ट्रीय टीम ने समर्थन किया ।संचारमंत्री (सोशल मिडिया, सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष टीम ) के पद पर राजेश सिंह गहरवार एवं नागेंद्र सिंह को शामिल करते हुए उन्हें प्रचार मंत्री सोशल मीडिया की ज़िम्मेदारी आबंटित कर दिया गया। नये प्रचार मंत्रियों को मनोनीत करने के उपरॉत राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा निर्देश को सोशल मीडिया से लेकर प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर देखने का कार्य नवनियुक्त प्रचार मंत्री सुनिश्चित करेंगे यह विश्वास राष्ट्रीय महासचिव महोदय ने व्यक्त किया। राष्ट्रीय संगठन सचिव जोहार सिंह देवल नालासोपारा के युवा अध्यक्ष रंजीत सिंह, श्री नरेंद्र प्रताप सिंह (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य) मीरारोड के महासचिव कमलेश प्रताप सिंह, कस्टम ऑफिसर एस पी सिंह युवा कार्यकर्ता विकास सिंह (बेलापुर), पत्रकार प्रमोद कुमार सिंह, प्रोफेशनल फोटोग्राफर स्वतंत्र फोटो पत्रकार राजहंश सिंह ने अपने कैमरे का भरपूर उपयोग करते हुए कार्यक्रम के हर खूबसूरत छवि को कैमरे में कैद किया जो हम सभी की यादों में सदैव अंकित रहेगा इसके लिए राजहंस सिंह, प्रमोद सिंह का दिल से हम आभार प्रकट करते हैं। कारोबारी प्रथम दिवस मुंबई शहर जैसे शहर का होने के बावजूद प्रमुख लोगों की उपस्थिति ही यह बता रहा थी कि कितना शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया और कितने उत्ससुकता से लोगो का समावेश था। समाज को किस तरह एकजुट बनाए रखा जाय इसके लिए इस तरह के कार्यक्रम करके अखंड राजपूताना सेवासंघ ने एक बार पुनः यह साबित कर दिया कि इच्छा शक्ति से सब कुछ संभव है जिसके लिए संगठन को सर्वत्र से प्रशंसा मिल रही है। राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि संगठन देश हित, समाज हित, जनहित मे कार्य करना चाहती है और उसी उदेश्य पूर्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहेगी ।संस्था के कार्य से ही लोग हम पर विश्वास रखते है और हमारा साथ देते है जिसमे हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष का बहुत बडा योगदान है ।समाज के विकास को किस तरह लक्ष्य बनाकर हासिल किया जाए संगठन इस पर सदैव विचार करता रहता है। समाज मजबूत हो और आर्थिक रूप से संपन्न हो इसके लिए अखंड राजपूताना ट्रेड हाउस के माध्यम से लोगो को नौकरी करने वाला नहीं नौकरी देने वाला बने यह विश्वास जगाता है।

अखंड राजपूताना सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में अखंड राजपूताना ट्रेड हाउस के अध्यक्ष अरुण सिंह ने सार्वजनिक घोषणा करते हुए अक्टूबर महीने में अपनी टीम की एक बैठक बुलाकर तीसरे वार्षिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु प्रारूप तैयार करके पूरी ताकत के साथ समाज के सभी बिजनेसमैन को एक बड़े फोरम पर लाने के लिए प्रयत्न करेंगे ।राष्ट्रीय सचिव रमाकॉत सिंह ने आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा करते हुए समस्त उद्द्योगपतियो को अखंड राजपुताना ट्रेड हाउस के लिए आमंत्रित किया।



सामाजिक न्याय राज्यमंत्र रामदास आठवले द्वारा गोद लिए हुए भीम पैंथर की मौत संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में होने के बाद विरोध में आरपीआय के कार्यकर्ताओं ने संजय गांधी उद्यान के बाहर प्रदर्शन किया।

# डाक्टर सुरेंद्र यादवेंद्र को मिला 2019 का ठहाका पुरस्कार

**सुरेश वाकडे**




**मुंबई** / महानगर की प्रतिष्ठित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'साहित्य संगम' की तरफ से हास्य सम्राट रामरिख मनहर की स्मृति में दिया जाने वाला राष्ट्रीय स्तर का 'ठहाका पुरस्कार-2019''' इस वर्ष कोटा राजस्थान के हास्य कवि डॉ. सुरेंद्र यादवेंद्र को प्रदान किया गया ।यह पुरस्कार बृजवासी पैलेस हॉल गोरेगांव(पूर्व) में आयोजित ठहाका कविसम्मेलन में इनकम टैक्स कमिश्नर वीरेंद्र ओझा,समारोह अध्यक्ष विजय लोहिया,संस्था के कार्याध्यक्ष जेपी खेमका,समाजसेवी राजेंद्र तुलस्यान,संयोजक चित्रसेन सिंह व मुख्य अतिथि सुरेश खंडेलिया के कर कमलों से प्रदान किया गया। ठहाका कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए पूर्व गृहराज्यमंत्री कृपा शंकर सिंह ठहाका सम्राट मनहर जी को याद किया। एनबीटी के संपादक सुंदरचंद ठाकुर ने कहा कि, 'वीररस की जरूरत सीमा पर होती है वैसे ही हँसी और ठहाकों की जरूरत दैनिक जीवन में होती है। ठहाका सम्मान से पुरस्कृत किए गए सुरेंद्र यादवेंद्र ने बताया कि, कैसे मनहर जी ने उन्हे बाराँ जैसी छोटी सी जगह से उठाकर एक छोटे से कवि को राष्ट्रीय स्तर का कवि बना दिया ।सम्मान समारोह में श्रीमती मीना अग्रवाल तथा जुगलकिशोर जालान को 'समाज रत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव संतोष केजरीवाल,, डॉ. राजेश हिम्मतरामका,पूर्व मंत्री चंद्रकांत त्रिपाठी,कैलाश रामुका,श्रीकांत अग्रवाल, विनोद गाडिया,श्याम सुंदर संगई , विनोद गोयल सहित हजारों लोग उपस्थित थे ।हास्यशिरोमणि सुरेश मिश्र के संचालन में डॉ. सुरेंद्र यादवेंद्र, अब्दुल गफ्फार, डा.काव्या मिश्रा, सलोनी राना,सुश्री सरला शर्मा, मनोज मद्रासी, राजकुमार छापरिया ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को लोटपोट कर दिया।




मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com